## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–13.02.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे को लेकर राजधानी रांची की ट्रैफिक व्यवस्था में अगले दो दिनों के लिए किया गया बदलाव, भारी मालवाहक वाहनों का शहर में रहेगा प्रवेश वर्जित ।
- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने नीलांबर–पीतांबर विश्वविद्यालय के भवन निर्माण की खराब गुणवत्ता की शिकायत की, राज्यपाल ने समिति गठित कर जांच के दिए आदेश।
- नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम में गढ़वा जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन, कृषि और जल संसाधन के लिए तीन करोड़ रुपये का मिला पुरस्कार।
- भाजपा ने राज्य सरकार पर एकलव्य प्रशिक्षण और शिक्षा प्रोत्साहन योजना की अनदेखी का लगाया आरोप, जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर छात्रों ने किया प्रदर्शन।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों में झारखंड की महिला हॉकी टीम ने जीता कांस्य पदक, महाराष्ट्र को 2–1 से किया पराजित।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल से दो दिवसीय झारखंड दौरे पर रहेंगी। इसे लेकर रांची में ट्रैफिक व्यवस्था बदली गई है। कल सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक शहर में भारी मालवाहक वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। साथ ही दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक छोटे मालवाहक वाहन भी नहीं चलेंगे। एयरपोर्ट जाने वाले यात्रियों के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए हैं, और उन्हें समय से पहले एयरपोर्ट पहुंचने की सलाह दी गई है। 15 फरवरी को भी शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश रोकने के साथ ही रिंग रोड के जरिए वाहनों को अपने गंतव्य तक पहुंचने का निर्देश दिया गया है।

*******************

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में मुलाकात कर पलामू के नीलांबर–पीतांबर विश्वविद्यालय के गुणवत्तापूर्ण भवन निर्माण नहीं होने की जानकारी दी। वित्त मंत्री ने भवन निम्न स्तर का होने के साथ अन्य अव्यवस्थाओं के बारे में राज्यपाल को अवगत कराया। इसके उपरांत राज्यपाल ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्यीय जांच दल गठित कर दी है।

*******************

गढ़वा जिले को नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम में कृषि और जल संसाधन क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तीन करोड़ रुपये का पुरस्कार मिला है। उपायुक्त शेखर जमुआर ने इसे जिले के लिए गर्व का विषय बताया और कहा कि पुरस्कार राशि से जनकल्याणकारी परियोजनाओं को गति दी जाएगी।

*******************

आज विश्व रेडियो दिवस है। इस अवसर पर गोड्डा जिला उद्योग केंद्र में गोड्डा रेडियो श्रोता संघ द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हाजी इकरारुल हसन आलम समेत कई अतिथियों ने रेडियो के स्वर्णिम युग को याद किया।

*******************

राज्य सरकार ने कल शब–ए–बारात पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। कार्मिक, प्रशासनिक और राजभाषा विभाग की ओर से इस सिलसिले में आदेश जारी कर दिया गया है।

शब–ए–बारात त्यौहार के मद्देनजर झारखंड एकेडमिक काउंसिल जैक की मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं कल स्थगित रहेंगी। झारखंड सरकार ने अवकाश के कारण परीक्षा की अगली तिथि 4 मार्च तय की है।

*******************

भाजपा ने राज्य सरकार पर एकलव्य प्रशिक्षण योजना और मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। रांची में प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि 2023 में निकाले गए टेंडर के बावजूद 35 हजार बच्चों को मुफ्त कोचिंग और आर्थिक सहायता नहीं मिली।

*******************

रांची में आज जेपीएससी के अध्यक्ष पद की नियुक्ति की मांग को लेकर छात्रों ने प्रदर्शन किया। मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के शशांक राज ने कहा कि पिछले सात महीने से अध्यक्ष नहीं होने के कारण परीक्षाएं रुकी हुई हैं।

*******************

अवैध अफीम की खेती के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में खूंटी पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने पोसेया गांव के चामडीह, कुरकुटिया और लटरजंग के जंगलों से 5 ग्रामीणों को गिरफ्तार किया। डीएसपी अखिल नितीश कुजूर ने बताया कि खूंटी पुलिस ने इस अभियान में अब तक 5 हजार आठ सौ बावन एकड़ अफीम नष्ट की है और 60 लोगों को गिरफ्तार किया है।

*******************

भारतीय अंडर 17 महिला फुटबॉल टीम में इस बार झारखंड की पांच खिलाड़ियों का चयन किया गया है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

38वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड की महिला हॉकी टीम ने महाराष्ट्र को हराकर कांस्य पदक जीत लिया है। आज हुई प्रतियोगिता में झारखंड की खिलाड़ियों ने महाराष्ट्र को 2– 1 से पराजित किया। अबतक कुल 25 पदक के साथ झारखंड पदक तालिका में 17वें स्थान पर है। झारखंड के खाते में सात स्वर्ण, छह रजत और बारह कांस्य पदक है।

*******************

इंडियन सुपर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में आज, नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी का सामना जमशेदपुर एफसी से होगा। मैच आज शाम साढ़े सात बजे जमशेदपुर में खेला जाएगा।

******समाप्त************